21U303S (Pages: 2) Name: …...………………

Reg. No: …..…………….

THIRD SEMESTER B.A./B.Sc./B.S.W. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2022

(CUCBCSS – UG)

CC16U HN3 A09 (1) / CC17U HN3 A09 (1) – POETRY IN HINDI

(Hindi – Common Course)

(2016 to 2018 Admissions – Supplementary/Improvement)

Time: Three Hours Maximum: 80 Marks

I. 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है ।

(क) कोष्ठक से सही उत्तर चुनकर लिखिए -

1. रामानन्द के शिष्य कौन है ?
   (बिहारी, सूरदास, कबीरदास, तुलसीदास)
2. बादल किसका प्रतीक है ?
   (क्रांति, राजनीति, भ्रष्टाचार, शोषण)
3. पंत को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ?
   (पल्लव, ग्राम्या, चिदम्बरा, युगवाणी)
4. भूमिजा कौन है ?
   (द्रौपदी, सीता, राधा, ऊर्मिला)
5. ‘सम्राज्ञी का नैवेध्य-दान’ कविता के कवि कौन हैं ?
   (अज्ञेय, निराला, पंत, मुक्तिबोध)

(ख) उचित शब्दों से खाली स्थान भरिए-

6. ‘सूरसागर’ के रचनाकार ----------- है ।
7. ----------- ने धब्बे को गले से लगाया ।
8. अयोध्या के कुलगुरु ----------- थे ।
9. नागार्जुन का असला नाम ----------- है ।
10. ‘अपराजिता’ कविता का मुख्य विषय ----------- है ।

(10 × 1 = 10 Marks)

II. किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए -

11. कबीरदास साधु की तुलना किससे करते हैं ?
12. सम्राज्ञी बुध्द-मंदिर में खाली हाथों से क्यों गयी ?
13. सड़क पर चलनेवाले लोगों ने धब्बे के साथ कैसा व्यवहार किया ?
14. पिछड़ा आदमी कैसे मारा जाता है ?
15. अहल्या कैसे पत्थर बन गयी ?
16. ठण्ड़े रेतकणों की तरह धरती पर क्या फैल गये हैं ?
17. ताड़का कौन है ?
18. अनामिका की किन्हीं चार रचनाओं के नाम लिखिए ।

19. त्रिजटा कौन है और वह सीता से मिलने के लिए क्यों आयी ?

20. माँ ने तकिए के खोलों पर क्या लिखा और क्यों ?

21. गंगा नदी को भागीरथी नाम कैसे मिला ?

22. कृष्ण की कृपा से लंगड़ा आदमी क्या कर सकता है ?

(10 × 2 = 20 Marks)

III. **किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर (150 शब्दों में) लिखिए ।**

23. सूरदास ने बालक कृष्ण का वर्णन किस प्रकार किया है ?

24. 'अपराजिता' कविता में स्त्री समाज का कौन-सा चित्र दर्शाया है ?

25. 'मोह' कविता में अभिव्यक्त भाव समझाइए ।

सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

26. "अपने वजूद की माटी से
धोती थी रोज़ इसे दुल्हन
और गोदी में बिछाकर सुखाती थी"

27. "त्रिविध-तापहरिणि गंगे, तुम धन्य !
देवि तुम्हारी महिमा अपरम्पार !
पाकर तेरे जलकण का संस्पर्श
कट जाते हैं युग-युग-संचित पाप ।"

28. "पाषाणी में किया प्राण-संचार
कौन देव, तुम मेरे हृदयाधार ?"

(4 × 5 = 20 Marks)

IV. **किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए -**

29. 'नदी और साबुन' कविता में पारिस्थितिक समस्याओं का चित्रण किस प्रकार किया गया है ?

30. 'भूमिजा' काव्य में सीता के चरित्र के द्वारा आधुनिक नारी का चित्रण कैसे दर्शाया है?

31. 'बस्स ! बहुत हो चुका' कविता में दलित जीवन की दुस्थिति का वर्णन किस प्रकार किया गया है ?

(2 × 15 = 30 Marks)

****